# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001
फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in, ई मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक-नि०प्रा०/नि 5-07/2018 51 /पटना, दिनांक 11/01/2019

प्रेषक,

रंजना कुमारी,
संयुक्त सचिव।

सेवा में,

प्रबंधक निदेशक, बिहार राज्य सहकारी बैंक लिमिटेड, पटना।
जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना।
अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (बिहार राज्य सहकारी बैंक)।
जिला सहकारिता पदाधिकारी -सह- उप ज़िला निर्वाचन पदाधिकारी, पटना।

विषय : **बिहार राज्य सहकारी बैंक का निर्वाचन, 2018 : अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन व्यय संबंधी विवरणी निर्वाचन पदाधिकारी को समर्पित करने के संबंध में।**

महाशय,

प्राधिकार के पत्रांक: 235 दिनांक 16.03.2018 की कंडिका- 10 में यह प्रावधान किया गया है कि बिहार राज्य सहकारी बैंक का निर्वाचन 2018 की परिणाम घोषित होने के 15 दिनों के अन्दर प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन व्यय से संबंधित लेखा-जोखा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी के यहाँ प्रस्तुत कर देना है।

2. जिन अभ्यर्थियों ने विहित समय सीमा के अंदर अपने निर्वाचन व्यय का लेखा संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी के यहाँ नहीं जमा कराया है, वैसे तमाम अभ्यर्थियों से निर्वाचन पदाधिकारी निम्न प्रपत्र में स्पष्टीकरण माँगेंगे।

" सेवा में

..............................

अपने...................... (बिहार राज्य सहकारी बैंक) के गत निर्वाचन से संबंधित निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं किया है। अत: 15 दिनों के अन्दर सूचित करें कि बिहार निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा-9 के अधीन आपको निरर्हित करने के लिए आवश्यक कार्यवाई हेतु प्राधिकार को प्रतिवेदन क्यों नहीं भेज दिया जाय।

निर्वाचन पदाधिकारी"

3. ऐसे सभी अभ्यर्थियों की सूचना जिनसे प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं है अथवा कोई स्पष्टीकरण नहीं देते हैं, निम्न प्रपत्र में 28.02.2019 तक निर्वाचन पदाधिकारी निश्चित रूप से प्राधिकार को उपलब्ध करायेंगे। प्रपत्र के साथ प्रत्येक अभ्यर्थी से प्राप्त स्पष्टीकरण भी (मूल में) संलग्न करेंगे।

विश्वासभाजन

10.1.19

(रंजना कुमारी)
संयुक्त सचिव।

प्रपत्र

निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की सूची

जिला: ...................... प्रखंड: ......................

| क्रमांक | अभ्यर्थी का नाम एवं पत्राचार का पता | (बि०रा०स०बै०) का नाम | किस पद के उम्मीदवार थे | अभ्यर्थी से प्राप्त स्पष्टीकरण की तिथि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

BSEA dt. 24.12.2018 Poonam